स्पीड पोस्ट

भारत सरकार

Government of India

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 (क) के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)

F. No. MSG/4/2017/STGBH/DELAAL/RU-III

छठा तल, बी-विंग, लोकनायक भवन,
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003,
दिनांक-28.01.2022

जिला कलेक्टर-पदाधिकारी,
कलेक्टरेट सिवान- 841226,
बिहार

विषय: ग्राम-पोस्ट कठुवा सारंगपुर, थाना-दरोंदा, जिला-सिवान, बिहार स्थित भूमि खता संख्या 585, सर्वे नं. 292 पर पीएम आवास आवंटन का पर्चा निर्गत करवाने के संबंध में श्री मुंशी शाह गोंड के अभ्यावेदन पर आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2021 को 03:00 बजे आयोग में हुई बैठक/सीटिंग का कार्यवृत.

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर दिनांक 15.12.2021 को 03:00 बजे आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक की अध्यक्षता में हुई बैठक के कार्यवृत की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित कि जा रही है. आपसे अनुरोध है की कार्यवृत में लिए गए निर्णयों एवं सुझावों पर कार्रवाई रिपोर्ट इस आयोग को 30 दिन के भीतर उपलब्ध कराने की कृपा करें.

संलग्न यथोपरि.

O/C 234-35 28/1/22

(एच. आर. मीना)
अनुसंधान अधिकारी

<u>प्रतिलिपि प्रेषित:</u>

श्री मुंशी शाह गोंड,
आर जेड-362/356, गली नं.-9,
शिवपुरी, पश्चिम सागरपुर,
नई दिल्ली-110046

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F. No.- MSG/4/2017/STGBH/DELAAL/RU-III)

ग्राम- पोस्ट- कठुआ सारंगपुर, थाना - दरौंदा, जिला -सिवान, बिहार स्थित भूमि खाता संख्या 585, सर्वे न. 292 पर पीएम आवास आवंटन का पर्चा निर्गत करवाने के संबंध में श्री मुंशी शाह गोंड के अभ्यावेदन पर आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2021 को आयोग में हुई सीटिंग का कार्यवृत।

बैठक की तिथि : 15.12.2021, 03.00 बजे (अपराह्न)

बैठक में उपस्थित अधिकारी : परिशिष्ट

- प्रकरण में आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक के आदेशानुसार दिनांक 10 दिसंबर 2021 को जिला कलेक्टर, सिवान, बिहार को दिनांक 15.12.2021 को 03.00 बजे (अपराह्न) सीटिंग हेतु समन जारी किया गया था। इसके अनुपालन में निर्धारित समय पर अपर जिला कलेक्टर, सिवान (बिहार) उपस्थित हुए। आवेदक ने भी सीटिंग में भाग लिया।
- सीटिंग शुरू होने से पहले आयोग के समक्ष संबंधित भागीदारीगणों का परिचय हुआ तत्पश्चात आयोग ने पहले अभ्यावेदक से उसका पक्ष जानना चाहा जिस पर अभ्यावेदक ने बताया कि उनका ग्राम - कठुआ सारंगपुर में खाता संख्या-585, सर्वे नं. 292 पर आवंटित पीएम आवास का पट्टा प्रदान नहीं किया जा रहा है जबकि दूसरे लोग उक्त सर्वे नं. पर काबिज है और उनको पर्चा जारी किया गया हुआ है किंतु प्रशासन द्वारा उनको काबिज सर्वे नं 292 से बेदखल किया जा रहा है।
- मामले पर अपर जिला कलेक्टर, सिवान ने आयोग को अवगत कराया कि आवेदक को आवंटित पीएम आवास उनकी आवासीय रैयती जमीन खाता संख्या- 855, सर्वे न. 283 पर बना हुआ है तथा आवेदक द्वारा खाता संख्या 585, सर्वे न. 292 पर जो कब्जा कर रखा है तथा जिसका पट्टा मांगा जा रहा है वह जल निकाय की भूमि गैर-मजरूआ मालिक पोखर भिंडा है जो बिहार सरकार राजस्व विभाग के पत्र संख्या 655 (6) रा. दिनांक 16.06.2016 एवं पत्र संख्या 1063(6)/रा. दिनांक 19.08.2019 के अनुसार हस्तांतरण नहीं की जा सकती। सीटिंग के दौरान अपर जिला कलेक्टर ने बताया कि

अनंत नायक/ANANTA NAYAK
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

पात्रता अनुसार आवेदक को उनके गांव में घर के आस-पास सरकारी जमीन उपलब्ध होने पर आवंटित की जा सकती है।

- दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत आयोग निम्न अनुशंसा करता है-
    1. आवेदक वर्तमान में मौजा कथुआ सारंगपुर थाना नं.-585, सर्वे न.- 292 पर एक कच्चा मकान बना रह रहा है। शासन सहमत है कि, आवेदक को इस स्थान से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक आसपास आवेदक के रहने हेतु कोई सरकारी जमीन आवंटित नहीं हो जाती।
    2. आवेदक को पात्रता अनुसार आवास हेतु वर्तमान स्थान के आसपास कोई सरकारी जमीन आवंटित की जाएगी।
    3. आवेदक अपने हिस्से की पैतृक जमीन के नामांतरण हेतु आवश्यक आवेदन प्रक्रिया का अनुपालन करें, और पात्रता अनुसार उसकी जमीन का नामांतरण किया जाए।

प्रकरण में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर आयोग को प्रदान की जाए, अगली सिटिंग 21.01.2022 को निर्धारित की गई है।

अनंत नायक/ANANTA NAYAK
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

परिशिष्ट

ग्राम- पोस्ट- कठुआ सारंगपुर, थाना - दरौंदा, जिला -सिवान, बिहार स्थित भूमि खाता संख्या 585, सर्वे न. 292 पर पीएम आवास आवंटन का पर्चा निर्गत करवाने के संबंध में श्री मुंशी शाह गोंड के अभ्यावेदन पर आयोग के माननीय सदस्य श्री अनंत नायक की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2021 को आयोग में हुई सीटिंग की उपस्थिति।

क्रम सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री अनंत नायक	माननीय सदस्य
2.	श्री राकेश कुमार दुबे	उपनिदेशक, (ईएसडीडब्लू)
3.	श्री आदित्य शर्मा	विधिक सलाहकार
4.	श्री ऋषिकेश झा	विधिक सलाहकार
5.	श्री आलोक कुमार द्विवेदी	परामर्शक

कार्यालय जिला कलेक्टर, सिवान (बिहार)

1.	श्री रमण कुमार सिन्हा	अपर जिला कलेक्टर

अभ्यावेदक

1.	श्री मुंशी शाह गोंड	अभ्यावेदक